# कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग,राजस्थान सरकार,वृन्दावन

पताः–जयपुर मंदिर,वृन्दावन E-Mail id- ac.vrindavan.dev@rajasthan.gov.in[Tel.no.0565-2455146]

दिनांकः– 18/6/25

क्रमांकः–एफ / लेखा / देव / 2025 / 978

वास्ते,
श्रीमान् आयुक्त,
देवस्थान विभाग,
मीरा गर्ल्स कॉलेज के पास,
उदयपुर–राजस्थान

विषयः–माननीय शासन सचिव महोदय देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार के निरीक्षण बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि माननीय शासन सचिव महोदय देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार के द्वारा राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिर श्री राधामाधव जी वृन्दावन एवं मंदिर श्री कुशल बिहारी जी बरसाना का निरीक्षण किया गया जिसके दौरान दोनो मंदिरों की सफाई व्यवस्था पर असन्तोष व्यक्त किया गया था। जिसके उपरान्त श्रीमान द्वारा मोखिक रूप से मंदिरों की सफाई हेतु ठेका पर सफाई व्यवस्था हेतु निविदा करने के निर्देश प्रदान किये गये थें। वर्ममान में मंदिर श्री राधा माधव जी में 3 हरिजन तथा मंदिर श्री कुशल बिहारी जी बरसाना में 1 हरिजन लगा हुआ है। इनको प्रतिमाह 1800 रूपये भुगतान किया जाता है। इस संबंध में प्रबंधको से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार मंदिरों की पूर्ण सफाई व्यवस्था हेतु सफाई कर्मियों की आवश्यता बताई गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

1. राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिर श्री राधामाधव जी वृन्दावन के प्रांगण की साफ सफाई हेतु 2 सेवागीर की आवश्यकता है। निज मंदिर के अन्य प्रागण में जैसे धर्मशाला,कार्यालय,ग्राउण्ड, की साफ सफाई हेतु 5 सफाईकर्मी की की आवश्यकता हैं।
2. राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार मंदिर श्री कुशल बिहारी जी बरसाना के प्रांगण की साफ सफाई हेतु 2 सेवागीर की आवश्यकता है। निज मंदिर के अन्य प्रागण में जैसे धर्मशाला,कार्यालय,गाउण्ड, की साफ सफाई हेतु 2 सफाईकर्मी की आवश्यकता है।

उक्त दोनो मंदिरों की साफ सफाई हेतु 11 कार्मिकों की आवश्यकता हैं। इस हेतु सिमित निविदा किया जाना है। उक्त निविदा के लिए 240000/– हजार रूपये सालाना खर्च आयेगा इस हेतु निविदा जारी करने एवं बजट आवटन की स्वीकृति देने की कृपा करें।

भवदीय

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग वृन्दावन

दिनांकः– 18-6-25

क्रमांकः–एफ / लेखा / देव / 2025 / 979

प्रतिलिपिः–श्रीमान शासन सचिव महोदय देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार को सूचनार्थ।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग वृन्दावन